हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 दिसंबर 2025

11 खूनी गैंगवार 30 से ज्यादा राउंड फायरिंग एक की मौत



12 आसौदा के कन्या विद्यालय के भवन को लेकर विवाद



## खबर संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में कर्मचारी की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के लुहारी गांव स्थित एक वेयरहाउस में कार्यरत एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान जिले के मालियावास गांव निवासी कवित पुत्र मुरारीलाल के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी सागर ने बताया कि कवित को ड्यूटी के दौरान अचानक पेट में दर्द उठा। जब तबीयत अधिक बिगड़ी तो साथी कर्मचारी उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई सोनू के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### अवैध शराब बेचने पर आरोपी को किया काबू

**बहादुरगढ़।** सीआईए-टू बहादुरगढ़ ने अवैध रूप से चल रहे शराब ठेके के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सीआईए प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दो अगस्त को उनकी टीम ने निलोठी स्थित यस बैंक के सामने अवैध रूप से चल रहे शराब के ठेके पर छापेमारी की थी। टीम को देखकर मौके पर अवैध शराब बेच रहा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की थी। लगातार दबिश और तकनीकी जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुनील निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।



### बैठक में वार्षिकोत्सव की तैयारियों पर मंथन

**बहादुरगढ़।** गांव नूना माजरा स्थित गो उपचार केंद्र में आगामी 14 जनवरी को 11वें वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों के साथ रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को समिति के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक राधेश्याम काबरा ने की। प्रधान मनोज, हरिओम जून, नरेश जून, दिनेश, कविंदर, नीरज इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### अतिदेय ऋण माफी योजना का लाभ उठाएं किसान

**झज्जर।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय सिंह यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अतिदेय ऋणी किसानों को ऋण मुक्त करने के लिए एकमुश्त ऋण योजना 2025 चलाई जा रही है। अतिदेय ऋणी किसानों द्वारा अपना पूरा मूलधन भरने पर अतिदेय ब्याज की आधी माफी व पूरे जुर्माना ब्याज की माफी दी जाएगी।

एमआईई पार्ट ए में लगातार दूसरे दिन फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की गाड़ियां कम पड़ने पर दूसरे जिलों से भी मंगवाईं

# तीन मंजिला जूता फैक्ट्री में आग से लाखों का नुकसान

## एचएसआईआईडीसी सेक्टर 17 में भी दो फैक्ट्रियों में सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-ए में लगातार दूसरे दिन आग लगने की घटना हुई। शुक्रवार को यहां स्थित एक जूता फैक्ट्री में सुबह भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से फैक्ट्री में रखा काफी कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री भवन को भी भारी नुकसान पहुंचा है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की यह घटना एमआईई स्थित एसएसआरए फुटवियर एंटरप्राइजेज में सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। फैक्ट्री के अंदर मौजूद अत्यंत ज्वलनशील केमिकल, प्लास्टिक दाना और रबर के कारण आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते पूरे तिमंजिला भवन को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। जब तक दमकल विभाग की टीम पहुंचती, आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। बहादुरगढ़ की गाड़ियां कम पड़ी तो रोहतक, झज्जर, सोनीपत और दिल्ली से भी दमकल गाड़ियां मौके पर बुलाई गई।

- ज्वलनशील केमिकल प्लास्टिक दाना व रबर के कारण आग फैली





बहादुरगढ़। एमआईई पार्ट ए में शुक्रवार सुबह फैक्ट्री में आग लगने के बाद उठती लपटें व धुआं तथा आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी। फोटो: हरिभूमि

### आग से भवन पूरी तरह हुआ क्षतिग्रस्त, अंदर रखा सामान भी राख

दर्जनभर से अधिक गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने मोर्चा संभाला। कड़ी मशक्कत के चलते दमकल कर्मियों ने आग को अन्य फैक्ट्रियों तक पहुंचने से रोका। कई घंटे बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। आग से भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं काफी कच्चा व तैयार माल खाक हो गया। परिसर में चल रही दाना बनाने की एक इकाई में भी नुकसान हुआ है। फैक्ट्री में नुकसान का असल आंकलन जांच के बाद हो सकेगा। फायर ऑफिसर रवींद्र कुमार ने बताया कि फैक्ट्री का शटर बाहर से बंद था और उस पर ताला लगा हुआ था। अंदर बड़ी मात्रा में सामान रखा हुआ था। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। बता दें कि वीरवार को यहां सोनिका इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में आग लगी थी।



### दो जूता फैक्ट्रियों में लगी आग

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार रात को एचएसआईआईडीसी सेक्टर 17 स्थित दो फुटवियर फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई। आग से काफी कच्चा व तैयार माल जलकर राख हो गया। दमकल विभाग की कई गाड़ी मौके पर हैं। देर रात तक आग बुझाने के प्रयास जारी थे। घटना देर शाम करीब आठ बजे की बताई जा रही है। बताते हैं कि पहले यहां शिक्षा प्राइवेट लिमिटेड में आग लगी। रबर व अन्य ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैलती गई। जबतक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचती आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। बहादुरगढ़ सहित रोहतक, झज्जर, सोनीपत से कई दमकल गाड़ियां बुलाई गई। आग इतना भीषण रूप ले चुकी थी कि पूरी फैक्ट्री को चपेट में ले लिया और साथ लगती एक्शन फैक्ट्री के ऊपरी तल के हिस्से में भी पहुंच गई। आग के चलते आसपास मौजूद अन्य फैक्ट्रियों में हड़कम्प मच गया। दमकल कर्मियों, फैक्ट्री कर्मियों ने माल सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। जांच के बाद स्थिति साफ हो पाएगी। बहरहाल, देर रात तक आग भड़की हुई थी। दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटी थी।

### मोबाइल छीनकर खाते से रुपये निकालने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में युवक से मोबाइल छीनकर खाते से रुपये निकालने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से छीना गया मोबाइल व वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद कर ली गई है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी जय भगवान के अनुसार, उत्तर प्रदेश मूल का मंजेश यहां सांखोल में रहता है और रोहद स्थित एक कंपनी में काम करता है। उसने शिकायत दी थी कि 12 दिसंबर की शाम को वह बाजार से फोन पर बात करते हुए अपने कमरे की ओर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उसके साथ मारपीट की और मोबाइल फोन छीन लिया। धमकी देकर जबरन उसका पासवर्ड पूछा और गूगल पे के जरिये खाते से करीब 78 हजार रुपये निकाल लिए। इस संबंध में 17 दिसंबर को दी गई उसकी शिकायत पर केस दर्ज हुआ। केस दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने दोनों आरोपी काबू किए। इनकी पहचान अमन निवासी रोहतक तथा आरिफ निवासी सोनीपत के रूप में हुई। दोनों आरोपी फिलहाल बहादुरगढ़ में किराए पर रहते हैं। उन्हें एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में आरोपियों से अन्य अहम खुलासों की संभावना है।

- गूगल पे के जरिये करीब 78 हजार रुपये निकाले थे

- पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए दिल्ली प्रशासन का बड़ा कदम

# केवल बीएस-6 वाहनों को ही दिल्ली में मिल रही एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के मद्देनजर दिल्ली सरकार व यातायात पुलिस की सख्ती के चलते टिकरी बॉर्डर पर शुक्रवार को वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान केवल बीएस-6 मानक वाली गाड़ियों को ही दिल्ली में प्रवेश की अनुमति दी गई, जबकि पुराने मानकों की गाड़ियों को बॉर्डर से ही वापस लौटा दिया गया।

सुबह से ही टिकरी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें तैनात रहीं। वाहनों के दस्तावेज और प्रदूषण मानकों की जांच की गई। जांच के कारण बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और दिन भर जाम जैसी स्थिति बनी रही। खासकर मालवाहक वाहनों और निजी कार चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली पुलिस द्वारा वीरवार की भांति शुक्रवार को भी 5 वाहन चालकों के चालान काटे गए थे। कई वाहन चालकों ने बताया कि अचानक सख्ती बढ़ने से उन्हें काफी देर तक जाम में फंसे रहना पड़ा। वहीं प्रशासन का कहना है कि दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए यह कदम जरूरी है।

नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई भी की गई और कुछ वाहनों के चालान काटे गए। अधिकारियों ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे दिल्ली में प्रवेश से पहले अपने वाहन के प्रदूषण मानकों की जांच कर लें और केवल निर्धारित मानकों का पालन करने वाली गाड़ियों से ही यात्रा करें, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके।



बहादुरगढ़। टिकरी बॉर्डर पर वाहनों को जांचते दिल्ली पुलिसकर्मी।

# जिम में फाइनेंसर की हत्या में आरोपी संचालक से राज उगलवाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- हथोड़े व लोहे की प्लेटों से उतारा था मौत के घाट
- हत्या के पीछे फीस न देने, छींटाकशी व आपसी रंजिश की बात सामने आ रही

जाखोदा निवासी कर्मजीत दलाल की हत्या के पीछे फीस न देने, छींटाकशी व आपसी रंजिश की बात सामने आई है। आरोपी सुनील द्वारा हथोड़े व लोहे की प्लेटों से उसे मौत के घाट उतारा गया था। हत्या के बाद आरोपी तीन सप्ताह से अधिक समय तक फरार रहा। फरारी के दौरान वह कहां-कहां गया और किसने उसकी मदद की, आदि सिलसिले में पूछताछ जारी है। आरोपी सुनील की निशानदेही पर पुलिस वारदात में प्रयोग किए गए सामान को भी बरामद करेगी। हत्या की यह वारदात 24 नवंबर की सुबह लाइनपार स्थित जोवल हेल्थ क्लब में हुई थी। जाखोदा गांव का कर्मजीत दलाल पेशे से फाइनेंसर व प्रॉपर्टी डीलर था। दरअसल, जोवल जिम का संचालक सुनील भी जाखोदा गांव से ही है। कर्मजीत की उसके साथ दोस्ती थी। इसलिए गांव से इतनी दूर रोजाना सुनील के जिम में कसरत करने आता था। रोजमर्रा की तरह गत 24 नवंबर की सुबह भी आया लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद जब कोई शख्स जिम में गया तो कर्मजीत खून से लथपथ मृत हालत में था। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। परिजनों के बयान पर जिम संचालक सुनील पर हत्या का केस दर्ज हुआ। तब से आरोपी फरार था। उसकी तलाश में पुलिस बहादुरगढ़, दिल्ली, गुरुग्राम व चंडीगढ़ सहित कई इलाकों में दबिश दे रही थी लेकिन वह गिरफ्त में नहीं आ रहा था। आखिरकार वीरवार को सीआईए-2 व लाइनपार पुलिस की संयुक्त टीम ने लाइनपार इलाके से उसको काबू कर लिया। हत्या के ठोस कारणों का पता तो आरोपी से पूछताछ पूर्ण होने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल फीस न देने, छींटाकशी व आपसी रंजिश जैसी बात सामने आई हैं। वारदात योजनाबद्ध तरीके से की गई थी। गत 23 नवंबर की रात को ही आरोपी ने कैमरे बंद कर दिए थे। अगले दिन जिम में छुट्टी कर दी गई। जब कर्मजीत जिम में आया तो उसे हथोड़े व लोहे की प्लेट आदि से मौत के घाट उतार दिया गया। आरोपी दो दिन के रिमांड पर है। इस समयावधि में उससे असल कारणों का पता लगाया जा रहा है। साथ ही ये भी पूछताछ की जाएगी कि मामले कोई अन्य शामिल है या नहीं।

# जसौरखेड़ी कॉलेज में स्थापित होगा मौसम केंद्र

## भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे से हुआ समझौता

- केंद्र तापमान, आर्द्रता, वर्षा, हवा की गति व दिशा सहित विभिन्न मौसमीय मापदंडों का रिकॉर्ड रखेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में भारतीय उष्ण कटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे के सहयोग से स्वचालित मौसम केंद्र की स्थापना की जाएगी। इस संबंध में महाविद्यालय एवं संस्थान के मध्य समझौता संपन्न हुआ। कॉलेज प्राचार्या डॉ. संदीप किराड ने बताया कि यह केंद्र तापमान, आर्द्रता, वर्षा, हवा की गति व दिशा सहित विभिन्न मौसमीय मापदंडों का रिकॉर्ड रखेगा। इससे मौसम के सटीक पूर्वानुमान और अकादमिक शोध में सहायता मिलेगी। प्राध्यापिका डॉ. प्रियंका अग्रवाल व डॉ. सुनैना ने कहा कि इस पहल से छात्राओं को मौसम विज्ञान, जलवायु अध्ययन एवं पर्यावरण से जुड़े विषयों में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। महाविद्यालय प्रशासन ने इसे संस्थान के शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।



बहादुरगढ़। आईआईटीएम पदाधिकारियों के साथ कॉलेज स्टॉफ।

# कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार, न्यूनतम तापमान पहुंचा सात डिग्री सेल्सियस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

ठंड अपने पूरे चरम है। शुक्रवार को दिन की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई। जिसके चलते सड़कों पर वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए। बाहरी क्षेत्रों में दृश्यता बीस से तीस मीटर तक ही रही, जिसके चलते सुबह 11 बजे तक चालकों ने अपने वाहनों की लाइटें जलाए रखी। सुबह 11 बजे के बाद धुंध कुछ कम हुई और आसमान में हल्की धूप निकली। लेकिन धूप निकलने के बावजूद ठंड से राहत नहीं मिल सकी। लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर रहे। कई स्थानों पर लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते हुए दिखाई दिए। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



झज्जर। घने कोहरे के बीच लाइट जलाकर गुजरते हुए वाहन।

## सीएम ने बहादुरगढ़ के समग्र विकास का दिया भरोसा

# विधानसभा में बहादुरगढ़ को जिला बनाने की उठाई मांग

- सीएम नायब सैनी के सामने विधायक राजेश जून ने शहर के विकास के लिए 11 मांगें रखीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक राजेश जून ने बहादुरगढ़ विधानसभा क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के लिए सीएम नायब सिंह सैनी का आभार जताया। साथ ही उन्होंने बहादुरगढ़ को जिला बनाने समेत क्षेत्र से जुड़ी कई महत्वपूर्ण एवं जनहित से संबंधित मांगें मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। सीएम नायब सैनी ने उन्हें आश्वासन दिया कि बहादुरगढ़ में प्रस्तावित सभी विकास परियोजनाओं को चरणबद्ध मंजूरी दी जाएगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। सरकार का लक्ष्य हर विधानसभा क्षेत्र का संतुलित और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।

**ड्रेन रिमॉडलिंग की डिमांड की:** विधायक राजेश जून ने सदन को अवगत कराया कि पिछली बरसात के दौरान शहर में जलभराव की स्थिति अत्यंत खराब हो गई थी। इससे निजात दिलाने के लिए मंगेशपुर ड्रेन तथा वेस्ट जुआ ड्रेन के फेज-2 में रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाना आवश्यक है। साथ ही वेस्ट जुआं ड्रेन के फेज-1 और फेज-2 को शीघ्र पूरा कराने तथा नॉर्दर्न बाईपास को पूर्ण रूप देने के लिए ड्रेन को आसौदा से आगे केएमपी/एनएच से जोड़ने के लिए फेज-3 का प्रस्ताव तैयार करने की मांग भी रखी गई।



बहादुरगढ़। विधानसभा में बहादुरगढ़ के विकास की मांगों को उठाते विधायक राजेश जून।

### भव्य बने दिल्ली की एंट्री

विधायक राजेश जून ने सदन में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों के बरसाती पानी की निकासी के लिए करीब 20 गांवों में स्थाई पाइपलाइन डाली जाए ताकि किसानों को हर वर्ष होने वाली परेशानी से राहत मिल सके। इसके अलावा दिल्ली से हरियाणा की एंट्री पर एक भव्य और आकर्षक वेलकम गेट के निर्माण की मांग भी सदन में उठाई।

### आसौदा तक हो मेट्रो विस्तार

विधायक राजेश जून ने बहादुरगढ़ मेट्रो लाइन को आसौदा मोड़ तक बढ़ाने, बहादुरगढ़ सब-डिवीजन को जिला बनाए जाने तथा सभी खेल स्टेडियमों के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध कराने का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा। शहर के अंबेडकर स्टेडियम को नगर परिषद में ट्रांसफर करने की मांग की गई ताकि खेल सुविधाओं का बेहतर विकास हो सके।

### मास्टर प्लान की सड़कें बनें

राजेश जून ने ओमेक्स सिटी को नगर परिषद में शामिल करने, शहर में पीने के पानी की मात्रा बढ़ाने तथा मास्टर प्लान-2021 के तहत लंबित सभी सड़कों के निर्माण की मांग भी सदन में रखी। लाइनपार के तीन रेलवे फाटकों पर आरओबी या आरयूबी बनाए जाने की मांग करते हुए विधायक ने कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुचारु होगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

### आईएएस अभिनव सिवाच ने संभाला एसडीएम का पदभार

**बहादुरगढ़।** वर्ष-2023 बैच के आईएएस अधिकारी अभिनव सिवाच ने बहादुरगढ़ के एसडीएम का पदभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद एसडीएम अभिनव सिवाच ने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन की लोक हितैषी नीतियों का आमजन को त्वरित लाभ दिलाना ही उनका प्रयास रहेगा। एसडीएम सिवाच ने कहा कि बहादुरगढ़ देश की राजधानी से सटा हुआ है। प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक शहर है और देश का सबसे बड़ा फुटवियर पार्क स्थापित है। उपमंडल प्रशासन शहर की गरिमा के अनुसार और बेहतर करने का प्रयास करेगा। शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्हें पूरी उम्मीद है कि उपमंडल में तैनात अधिकारी जन सेवा की भावना से कार्य करेंगे और अच्छे परिणाम देंगे।



# फंदे पर लटका मिला दो बच्चों के पिता का शव

## पत्नी तीन साल से मायके में थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मेट्रो क्वार्टरों के नजदीक स्थित रविदास कॉलोनी में एक व्यक्ति का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मानसिक तनाव से तंग आकर युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है।

मृतक की पहचान करीब 39 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। सोनू ऑटो चलाता था। जानकारी के अनुसार, वीरवार की रात को अपने कमरे में सोया था। शुक्रवार की सुबह करीब पांच बजे परिजनों ने देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था। जब तक उसे संभाला जाता देर हो चुकी थी। सूचना पाकर सिटी थाने से सेक्टर 9 चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। सोनू दो बच्चों का पिता था। पिछले करीब तीन साल से उसकी पत्नी बच्चों को लेकर मायके में गई हुई थी। वह यहां अपनी मां व भाई के साथ रह रहा था। मानसिक परेशानी से तंग आकर उसके द्वारा यह कदम उठाए जाने की बात सामने आई है। असल वजह जांच का विषय है। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार रहेगा।

## इकोनॉमिक्स ओलंपियाड में एचडी का शानदार प्रदर्शन



**झज्जर।** : श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित नेशनल इकोनॉमिक्स ओलंपियाड में एचडी विद्यालय साल्हावास के 10 विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया टॉप 100 रैंक में स्थान बनाकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया। एचडी ग्रुप निदेशक रमेश गुलिया ने बताया कि ओलंपियाड में बारहवीं कक्षा के छात्र तरुण ने 7वीं रैंक, दीपक ने 14वीं रैंक, दीक्षा ने 33वीं तथा तमन्ना ने 52वीं रैंक प्राप्त की। इसी प्रकार ग्यारहवीं कक्षा से कार्तिक जाखड़ ने 11वीं, नैंसीने 24वीं, मयंकने 58वीं, ऋषभ ने 62वीं, जयंत ने 85वीं और लक्कीने 97वीं रैंक के साथ सफलता हासिल की। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अर्थशास्त्र प्राध्यापिका प्रियंका जाखड़ और ओलंपियाड एक्सपर्ट आशीष यादव के प्रयासों की सराहना की।

## बच्चों को तुलसी पूजन कर समझाया महत्व



**बहादुरगढ़।** आशाराम बापू द्वारा वर्ष 2014 में प्रारंभ किए गए तुलसी पूजन अभियान के अंतर्गत बहादुरगढ़ में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्कूलों एवं ट्यूशन सेंटरों में बच्चों को तुलसी की आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक महता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस सेवा कार्य में सेवा समिति के नवीन मल्होत्रा, पूनम, गायत्री, आरती, वीना और अनिता बहन ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में बताया गया कि तुलसी न केवल वातावरण को शुद्ध करती है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करती है। प्रतिदिन तुलसी पूजन करने से घर में शांति, सद्भाव और सकारात्मकता का संचार होता है। बच्चों को यह भी बताया गया कि तुलसी भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय है, इसलिए इसके पूजन से भक्ति भाव में वृद्धि होती है। वक्ताओं ने कहा कि तुलसी का संरक्षण प्रकृति और मानव जीवन—दोनों के लिए अत्यंत कल्याणकारी है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर व आसपास तुलसी का पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

## जोनल लेवल साइंस क्विज में आरईडी के विद्यार्थी द्वितीय



**झज्जर।** जोनल लेवल साइंस क्विज में आरईडी स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर पदक एवं प्रोत्साहन राशि हासिल की है। विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि बीते सितंबर माह में आयोजित इस प्रतियोगिता में आरईडी के तीन विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर पन्द्रह हजार रुपये की प्रोत्साहन हासिल की। होनहार विद्यार्थियों में प्रियांशी, जैसमिन व शुभम शामिल हैं। उन्होंने विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं विज्ञान शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

## अस्पताल से गुजर रहे नाले पर उठाए सवाल



**बहादुरगढ़।** भाजपा नेता जसबीर सैनी ने अस्पताल के अंदर से गुजर रहे नाले पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह नाला गली में ही बनना चाहिए था। इस नाले में गंदगी होने के कारण यहां 24 घंटे बदबू रहती है। वे सीएम से मिलकर इस नाले को अस्पताल के बाहर से गली में बनवाने की मांग करेंगे।

## वाई ब्रेक में कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास



**बेरी।** आयुष विभाग द्वारा कार्यस्थल पर माहौल को अनुकूल बनाने और अधिकारियों-कर्मचारियों को तनाव मुक्त रह कर कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से 'वाई-ब्रेक' देने का निर्णय लिया गया है। वाई-ब्रेक यानी योग के लिए ब्रेक कार्य दिवस में पांच मिनट के लिए होगा। आचार्य बलदेव ने बताया कि सरकार द्वारा अधिकारियों-कर्मचारियों को अब कार्यस्थल पर प्रत्येक कार्य दिवस पर कुछ ऐसी क्रियाएं और सरल योग के आसन करने के लिए समय दिया गया है, जिससे वह तनाव से मुक्त होकर और बेहतर तरीके से काम कर सकें। वाई-ब्रेक पांच मिनट का होगा। उन्होंने बताया कि लघुसचिवलाय परिसर में योग सहायक दयावती और योग सहायक ज्योति द्वारा योग ब्रेक कराया गया।

## महर्षि वाल्मीकि चौक पर राहगीरों में बांटा प्रसाद




**झज्जर।** : छारा चुंगी स्थित महर्षि वाल्मीकि चौक पर अमावस्या सेवा समिति सदस्यों द्वारा राहगीरों में कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। समिति सदस्य रमेश गुर्जर व श्याम मिस्त्री ने बताया उनके द्वारा शहर के सामाजिक व धार्मिक संगठन से जुड़े लोगों व सीताराम गेट के व्यापारियों के सहयोग से हर अमावस्या पर भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता है कि हिंदू धर्म में अमावस्या की तिथि का बड़ा महत्व होता है। पौष मास अमावस्या को बहुत शुभ माना जाता है। पौष मास अमावस्या पर दान करने की परंपरा है। इस दिन किए गए पावन कर्मों से पितृ प्रसन्न होते हैं और अपने वंशजों को आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

## गांव रिटोली स्थित शराब ठेके पर दो कुख्यात गिरोह भिड़े, दोनों ओर से गोलियां चलीं

**खूनी गैंगवार में 30 से ज्यादा राउंड फायरिंग**

# भाऊ गैंग और बाबा गैंग आमने सामने, एक की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक/झज्जर

जिले में शुक्रवार शाम को गैंगवार की एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया। गांव रिटोली स्थित शराब ठेके पर दो कुख्यात गिरोहों के बीच ताबड़तोड़ फायरिंग हुई, जिसमें दोनों ओर से 30 से अधिक गोलियां चलीं। इस गैंगवार में भाऊ गैंग और बाबा गैंग आमने-सामने आ गए। फायरिंग की इस वारदात में चार बदमाशों को गोली लगी, जबकि एक बदमाश की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, गैंगस्टर सन्नी रिटोलिया के एक करीबी दोस्त को भी दो गोलियां लगने की सूचना है।

जानकारी के अनुसार यह शराब ठेका कुख्यात गैंगस्टर सन्नी रिटोलिया से जुड़ा हुआ है, जो बाबा गैंग का सरगना बताया जा रहा है। शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे सन्नी रिटोलिया ठेके पर मौजूद था। उसके साथ उसका कर्मचारी अनिल भी था। इसी दौरान ठेके पर शराब का माल उतारने के लिए एक गाड़ी पहुंची हुई थी। उसी समय सन्नी का दोस्त दीपक भी वहां पहुंचा, जोफॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार था। इसी बीच अचानक फ्रोंक्स कार में सवार होकर हिमांशु भाऊ गैंग के शूटर





मौके पर पहुंचे और उतरते ही अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। शराब ठेके और आसपास के इलाके में गोलियों की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

### दीपक को गोलियां लगी, सन्नी फरार

फायरिंग के दौरान सन्नी रिटोलिया वहां से जान बचाकर भाग निकला, लेकिन उसका दोस्त दीपक गोलीबारी की चपेट में आ गया। दीपक को कंधे और पेट के पास गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दीपक की फॉर्च्यूनर गाड़ी के शीशे भी गोलियों से चकनाचूर हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब 30 से 32 राउंड फायर किए गए। गोलियां केवल ठेके तक ही सीमित नहीं रहीं, बल्कि पास की एक बंद दुकान के शटर में भी गोलियां जा लगीं, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते दिखाई दिए।

### भाऊ गैंग के सदस्य घायल

सूत्रों के अनुसार, फायरिंग के बाद बाबा गैंग की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गई। इस दौरान भाऊ गैंग के चार बदमाशों को गोलियां लगीं। सभी घायल बदमाश मौके से फरार हो गए और सीधे झज्जर के एक निजी अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के दौरान खान नामक आरोपी की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बदमाश गंभीर हालत में उपचाराधीन बताए जा रहे हैं।

### पुलिस और जांच एजेंसियां पहुंची

घटना की सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। पुलिस ने मौके से गोलियों के खोल बरामद किए हैं और फायरिंग में इस्तेमाल की गई गाड़ियों की जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही सीआईए टीम और एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया व उनकी टीम भी मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया।

### इलाके में दहशत, पुलिस अलर्ट

दिनदहाड़े हुई इस गैंगवार की घटना से पूरे रोहतक में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। पुलिस प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है और गैंगस्टरों की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### 2021 से चल रही रंजिश

भाऊ गैंग और बाबा गैंग के बीच पुरानी रंजिश है। दोनों गैंगस्टर एक ही गांव के रहने वाले हैं और वर्ष 2021 से उनके बीच गैंगवार चल रही है। इस रंजिश की जड़ स्कूल समय के विवाद से जुड़ी बताई जाती है जो समय के साथ बढ़ती चली गई।

# विद्यार्थियों ने मॉडल के नाम सिद्धांत तथा उपयोगिता बताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाकला में शुक्रवार को खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्राचार्य वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदर्शनी में साल्हावास खंड के स्कूलों से 146 विद्यार्थियों व 36 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी जयपाल सिंह दहिया ने मुख्यातिथि तथा राजकीय मॉडल स्कूल भूरावास के प्राचार्य सम्मत सिंह ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडल के नाम, सिद्धांत तथा उपयोगिता आदि के बारे निर्णायकों को जानकारी दी। मुख्यातिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए बेहतरीन मॉडल की सराहना की। रोल प्ले, मॉडल मेकिंग व पोस्टर मेकिंग विषय पर आधारित इस विज्ञान प्रदर्शनी में सात उप विषय रखे गए। सभी विजेता विद्यार्थियों को मुख्यातिथि जयपाल दहिया द्वारा पुरस्कृत किया गया।



झज्जर। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए निर्णायक मंडल सदस्य।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर प्रवक्ता जसवंत, पवन कुमार, सतपाल, अनूप रानी, जयभगवान, लख्मीचंद, राजेश कुमार, दीपिका, प्रवीन दहिया, मुकेश, नीतू, कृष्णा देवी, वीरेंद्र, विनीता देवी आदि भी उपस्थित रहे।

**6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया**

# प्रदर्शनी में राजकीय वमावि जहाजगढ़ का कंवल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेरी में शुक्रवार को खंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुंदरलाल कौशिक ने की। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रांजलि भारद्वाज ने बताया कि खंड के सभी सरकारी स्कूलों से 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया।

प्रदर्शनी परिणामों में मॉडल थीम की सस्टेनेबल एग्रीकल्चर स्पर्धा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ के छात्र कंवल प्रथम रहा।



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में कमल, स्पेश साइंस में राजकीय स्कूल धांधलान के अंकुश, हेल्थ व हाइजिन में राजकीय माध्यमिक विद्यालय मदाना खुर्द की आकांक्षा, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में रावमावि पलड़ा के अंकित, रोबोटिक में राजकीय कन्या उच्च विद्यालय चिमनी की हिमांशी तथा वेस्ट मैनेजमेंट में रावमावि वजीरपुर के छात्र निक्षित ने पहला स्थान प्राप्त किया। रोल प्ले थीम की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्पर्धा में खुशबू, सस्टेनेबल एग्रीकल्चर में दिपांशी, रोबोटिक में पुनिता ने बाजी मारी।

## दुर्गा शक्ति टीम ने छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर



झज्जर। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते हुए दुर्गा शक्ति टीम।

**झज्जर।** शुक्रवार को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में दुर्गा शक्ति टीम द्वारा विद्यालय की छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, निडर एवं जागरूक बनाना रहा। दुर्गा शक्ति टीम के सदस्यों ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए तथा उन्हें वास्तविक जीवन में उपयोग करने के लिए व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया। छात्राओं ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य पंकज वालिया ने छात्राओं को आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आत्मरक्षा प्रत्येक छात्रा के लिए अत्यंत आवश्यक है। दुर्गा शक्ति टीम ने समाज में अपराधों के प्रति छात्राओं को जागरूक किया और उन्हें सतर्क रहने के उपाय बताए। यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए अत्यंत लाभकारी एवं प्रेरणादायक रहा।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में निगम कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन



**झज्जर।** : ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा नियमित दो घंटे का प्रदर्शन किया जा रहा है। शुक्रवार को भी बिजली निगम कार्यालय परिसर में कर्मचारियों ने धरने पर बैठकर नारेबाजी की और एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। यूनिट प्रधान लवकेश ने बताया कि धरने का मंच संचालन श्याम गौरव द्वारा किया। कर्मचारियों ने दो घंटे तक विरोध प्रदर्शन करते हुए ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी रोकने की मांग उठाई। इसके बाद उन्होंने एक्सईएन प्रदीप को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संजीव, धर्मेंद्र, जयनारायण, तकदीर, प्रवीण, मंजीत, राजेंद्र, राकेश, विकास, अमित, अनीता, ज्योति, नमिता, जयप्रकाश, बलराम, दीपक, प्रदीप, अनिल, शुभम, मंजू, अनिल, विशाल, श्रवण, संदीप, अखिल, रणसिंह, कृष्ण, करतार, सतेंद्र, अमरजीत, रणबीर, देवेंद्र, दिनेश, सुंदर सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का शत्रु: पुलिस टीम



**झज्जर।** शुक्रवार को जिला पुलिस की टीम द्वारा गांव सेहलंगा व चढ़वाना में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। टीम द्वारा ग्रामीणों को बताया कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। आप सभी देश का भविष्य हो। इसलिए पढ़ाई और खेल में ध्यान लगाओ और नशे जैसी बुरी आदतों से हमेशा दूर रहो। उन्होंने कहा कि अगर गांव या आस-पास कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। उन्होंने बताया कि जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इसके अलावा पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी, पासवर्ड आदि हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

## सट्टा खाईवाली करते दो काबू

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाली के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। सिटी थाना पुलिस ने शहरी क्षेत्र से एक आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुनील के रूप में हुई है। उसके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया है। वहीं सेक्टर-6 थाना पुलिस ने भी एक आरोपी को काबू किया। जिसकी पहचान विवेक निवासी पटेल नगर के रूप में हुई है।

# प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट का लोगों ने किया विरोध

■ ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका : पूर्व सरपंच

हरिभूमि न्यूज. झज्जर

गोरिया गांव में प्रस्तावित एथेनॉल के-टू प्लांट के विरोध में ग्रामीण डीसी को ज्ञापन देने के लिए लघु सचिवालय पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने गांव में प्रस्तावित एथेनॉल प्लांट का विरोध किया। गांव के पूर्व सरपंच छाजू राम, राजू, विकास, भूप, रामबीर, हवासिंह, सुनील, संदीप, रणबीर, रामेहर और दाताराम यादव आदि ने बताया कि इस प्लांट के लगने से पर्यावरण, जल स्त्रोतों और आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ने की आशंका है। इसमें रेस्पिरेटरी डिजीज, आग लगने का खतरा, कैंसर का खतरा, भूजल रिक्तिकरण के परिणाम सामने आएंगे। वे इस संबंध में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा व पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को भी अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने बताया कि डीसी ने उनकी बात को ध्यानपूर्वक सुनने उपरांत सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि शीघ्र ही सेंट्रल ग्राउंड वाटर निदेशक सीएलयू व एनजीटी से इसकी जांच कराएंगे।



झज्जर। लघु सचिवालय परिसर में विरोध जताते हुए गोरिया गांव के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजू सैनी (पत्नी), सुमित सैनी (पुत्र), विकास सैनी (पुत्र) नेहा (पुत्री), श्री स्व. खजान सैनी व रीतू (पत्नी), वेधा (पुत्री), पाखी (पुत्री) स्व. श्री भारत सैनी निवासी जटवाड़ा मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर-3BUHJ3Y3 वार्ड नम्बर 16 कॉलोनी जटवाड़ा जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 107. 47 से 107.47 वर्ग गज करवाने हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर 0187322337 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नम्बर- 3BUHJ3Y3 वार्ड नम्बर 16 जटवाड़ा मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को आपति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करे, अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपति नम्बर 3BUHJ3Y3 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमती मंजू सैनी (पत्नी), सुमित सैनी (पुत्र), विकास सैनी (पुत्र) नेहा (पुत्री), श्री स्व. खजान सैनी व रीतू (पत्नी), वेधा (पुत्री), पाखी (पुत्री) स्व. श्री भारत सैनी के नाम नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
**हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।**

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुभाष चन्द, ब्रिज मोहन गुप्ता पुत्र श्री हुकम चंद निवासी अग्रवाल कालोनी, बहादुरगढ द्वारा **Online NDC Portal** पर **Property ID No 3B8BK5H3** वार्ड नंबर 19 कॉलोनी अग्रवाल कॉलोनी बहादुरगढ़ जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 146.62 से 140 वर्ग गज करवाने हेतु **Online Application No. 0187448365** द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर **3B8BK5H3** वार्ड नंबर 19 कॉलोनी अग्रवाल कॉलोनी बहादुरगढ़ पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पत्ति नंबर 3B8BK5H3 /140 वर्ग गज प्रार्थी श्री सुभाष चन्द, ब्रिज मोहन गुप्ता पुत्र श्री हुकम चंद के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी, जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
**हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।**

# विद्यार्थियों ने बाल विवाह को लेकर निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा शुक्रवार को क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ व डावला में जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को लेकर विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली भी निकाली।

### सर्वांगीण विकास में बाधा

कार्यक्रम में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय से धर्मेंद्र ने विद्यार्थियों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस कानून का सख्ती से पालन करना जरूरी है ताकि बालक-बालिकाओं का सर्वांगीण विकास हो सके। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डावला में प्राचार्या छोटी देवी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों को उनके सपनों से दूर करता है तथा इससे घरेलू हिंसा को बढ़ावा मिलता है। इसलिए बाल विवाह पर लगाम लगानी जरूरी है। कर्मजीत छिल्लर ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल विवाह रोकथाम के लिए समय-समय पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।




### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक मनोज कुमार, कार्यकर्ता संदीप जांगड़ा, मनोज भाटिया, पिंकी, राकेश, उर्मिला, राहुल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

एक पक्ष पुराने भवन में ही कक्षाएं लगवाने की पैरवी कर रहा, दूसरा तुड़वाने के पक्ष में

# आसौदा के कन्या विद्यालय के भवन को लेकर ग्रामीणों के दो गुट आमने-सामने

***अभी लड़कों के स्कूल में लग रही कक्षाएं, दो शिफ्ट में चल रहा स्कूल***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आसौदा गांव के राजकीय कन्या विद्यालय को लेकर ग्रामीणों में गुटबाजी का माहौल बना हुआ है। विद्यालय की कक्षाएं कहां संचालित हों, इसे लेकर ग्रामीणों के दो पक्ष आमने-सामने हैं। दोनों पक्षों ने अधिकारियों से मुलाकात कर अपने तर्क रखे हैं।

स्कूल का भवन पुराना हो चुका है। इसलिए छात्राओं की कक्षाएं फिलहाल लड़कों वाले स्कूल में लग रही हैं। वीरवार को जहां गांव के कुछ लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए कहा था कि कन्या विद्यालय का भवन भले ही पुराना है, लेकिन ग्रामीणों द्वारा उसकी मरम्मत कराई जा चुकी है। वह पढ़ाई के लिए उपयुक्त है। छात्राओं की कक्षाएं फिलहाल लड़कों के स्कूल में संचालित की जा रही हैं, जिससे लड़कों के स्कूल को डबल शिफ्ट में चलाना पड़ रहा है। इससे छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कन्या विद्यालय के भवन में ही कक्षाएं सुचारू की जानी चाहिए। बताते हैं कि इस घटनाक्रम के बाद अधिकारियों ने स्कूल का दौरा किया था।



बहादुरगढ़। पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मिलने पहुंचे आसौदा के ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### कंडम भवन को तोड़कर नया बनाया जाए : अत्तर सिंह

वहीं, शुक्रवार को गांव के पूर्व सरपंच अत्तर सिंह, महेंद्र सिंह, पूर्व चेयरमैन दयानंद, रणबीर, रोशन, संदीप, जय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से मुलाकात की। इस पक्ष का कहना है कि कन्या विद्यालय का पुराना भवन काफी जर्जर अवस्था में है और पीडब्ल्यूडी द्वारा उसे कंडम घोषित किया जा चुका है। नए भवन के निर्माण के लिए करीब 4 करोड़ 93 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर सरकार को भेजा गया है। इस पक्ष के अनुसार, नया भवन बनने से छात्राओं को सुरक्षित, सुंदर और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा। अधिकांश ग्रामीण नए भवन के निर्माण के पक्ष में हैं, लेकिन कुछ लोग इसमें बाधा डाल रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पुराने भवन में बरसात के दौरान पानी भर जाता है, जिससे वहां कक्षाएं लगाना जोखिम भरा है। इसलिए नए भवन के निर्माण के बाद उसी में कन्या विद्यालय की कक्षाएं संचालित की जानी चाहिए।

### एडीजीपी बनने पर किया सम्मान

बहादुरगढ़। भाजपा नेता मनोज वशिष्ठ ने पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के एडीजीपी पद पर पदोन्नत होने पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर तथा शाल भेंट कर सम्मान किया। उनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली और त्वरित कार्रवाई से जनता का विश्वास बढ़ा है।





बहादुरगढ़। सतीश कुमार का स्वागत करते मंडल अध्यक्ष संजय सैनी व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### ट्रैफिक एसएचओ का किया स्वागत

*बहादुरगढ़। भाजपा बहादुरगढ़ मंडल पदाधिकारियों ने नव-नियुक्त यातायात थाना प्रभारी सतीश कुमार के कार्यभार संभालने पर उनका स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, उपाध्यक्ष दीपक सैनी, रविंद्र राठी व आकाश सैनी आदि ने उनका अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दीं। साथ ही सतीश कुमार को बहादुरगढ़ की यातायात व्यवस्था की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। अवैध वाहन पार्किंग की समस्या को भी उठाया।*



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में ध्यान लगाती स्वयंसेविकाएं। फोटो: हरिभूमि

### वैश्य बीएड कॉलेज में स्वयंसेविकाओं ने लगाया ध्यान

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्वयंसेविकाओं के मानसिक, भावनात्मक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं ने पूरे मनोयोग से ध्यान अभ्यास में भाग लिया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक युग में ध्यान केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन की आवश्यकता बन गया है। नियमित ध्यान से व्यक्ति मानसिक तनाव से मुक्त होकर आत्मविश्वास, धैर्य एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकता है। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को अपने दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेविकाओं में मानसिक शांति, आत्म-संतुलन तथा सकारात्मक सोच को विकसित करने के लिए आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को ध्यान के विभिन्न आसनों, श्वास-प्रश्वास तकनीकों तथा मन की एकाग्रता बढ़ाने के सरल उपायों का अभ्यास कराया गया।

### सूर्या नगर में कैंप लगाकर जांची कर्मियों की सेहत

बहादुरगढ़। कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज द्वारा रेडक्रॉस के सहयोग से उद्योगों में कार्यरत कर्मचारियों के लिए दूसरा निःशुल्क साप्ताहिक स्वास्थ्य जांच शिविर शुक्रवार को सूर्यानगर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित मोडवैक इंजीनियरिंग लिमिटेड में लगाया गया। कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी के सहयोग से लगे कैंप का कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में लाभ उठाया। शिविर में रेडक्रॉस के जिला सचिव देवेंद्र चहल भी उपस्थित रहे। उनके साथ प्रोजेक्ट मैनेजर सुदेश, डॉ. जीतेश खंडेलवाल, डॉ. सुभाष, डॉ. गौरव आदि ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप में मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देने के लिए कोबी ने कांता देवी जय प्रकाश जैन ट्रस्ट का भी आभार व्यक्त किया। उनकी तरफ से भी दो चिकित्सकों ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप में प्रवीण गर्ग, अशोक कुमार मित्तल, विजय शर्मा व अनिल गोयल आदि मौजूद रहे। कोबी ने कंपनी के मुख्य निदेशक ओमप्रकाश शर्मा व दीपक शर्मा का भी तमाम सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कोबी अध्यक्ष ने कहा कि यदि कर्मचारी स्वस्थ रहेंगे तो उद्योग भी तेजी से प्रगति करेंगे, इसलिए उनका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता है। उनका प्रयास है कि रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से निरंतर ऐसे कैंप आयोजित किए जाएं।



बहादुरगढ़। कैंप में कर्मचारियों की जांच करते चिकित्सक। फोटो: हरिभूमि

# वाद-विवाद में सेंचुरी तो लघुनाटिका में मॉडल संस्कृति विद्यालय ने मारी बाजी

**राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी साक्षरता विषय पर खंड स्तरीय प्रतियोगिताएं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

डीएसई पंचकूला के आदेश पर शुक्रवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कानूनी साक्षरता विषय पर खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। भाषण, कविता, निबंध, वाद-विवाद, नारा लेखन, पेंटिंग, लघु नाटिका, प्रश्नोत्तरी, पावरपॉइंट तथा डॉक्यूमेंट्री फिल्म सहित 10 प्रतियोगिताओं में सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बहादुरगढ़ ने लघु नाटिका और ऑन द स्पॉट पेंटिंग में प्रथम, निबंध में द्वितीय तथा पीपीटी में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बाल भारती स्कूल ने स्लोगन लेखन और वाद-विवाद में प्रथम स्थान हासिल किया। विजय स्कूल को स्लोगन लेखन में द्वितीय, पेंटिंग में तृतीय तथा कविता पाठ में द्वितीय स्थान मिला। एसआर सेंचुरी स्कूल, बहादुरगढ़ ने वाद-विवाद में प्रथम, प्रश्नोत्तरी में द्वितीय तथा भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉक्यूमेंट्री प्रतियोगिता में रावमावि सांखोल द्वितीय स्थान पर रहा। पीएमश्री रावमाविपरनाला ने क्विज और डॉक्यूमेंट्री में प्रथम स्थान पाया। स्कॉलर ग्लोबल स्कूल को कविता पाठ में तृतीय, पेंटिंग में द्वितीय तथा स्लोगन में तृतीय स्थान मिला। रावमावि सिद्दीपुर ने कविता पाठ में तृतीय स्थान तो निबंध में कन्या रावमावि नूना माजरा प्रथम तथा रावमावि लुक्सर तृतीय स्थान पर रहा।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों के साथ शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

### भाषण प्रतियोगिता में त्रिवेणी स्कूल रहा प्रथम

भाषण प्रतियोगिता में त्रिवेणी स्कूल ने प्रथम तो पीपीटी में रावमावि लडरावण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नोडल अधिकारी विद्यालय की प्रिंसिपल मंजू रानी रहीं। खंड लीगल लिटरेसी इंचार्ज अनिल अहलावत तथा मुख्य अतिथि के रूप में लीगल लिटरेसी सेल के सदस्य जितेंद्र दहिया उपस्थित रहे। लीगल लिटरेसी क्लब प्रभारी राकेश वत्स ने स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को जिला स्तर की लीगल लिटरेसी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित चयनित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## गंगा कॉलेज के तीन विद्यार्थी जेके सीमेंट कंपनी में चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एडं मैनेजमेंट, कबलाना के तीन विद्यार्थियों का चयन जेके सीमेंट कंपनी में ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पद पर हुआ है। जेके सीमेंट कंपनी के स्थानीय कैंपस में आयोजित इस चयन प्रक्रिया के अंतर्गत कंपनी की एचआर टीम ने लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार पर विद्यार्थियों का चयन किया। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर अमन अग्रवाल ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों में फायर टेक्नोलॉजी एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग के 7वें सेमेस्टर के छात्र पूर्व, शौर्य व निर्भय शामिल हैं।

इस उपलब्धि पर उन्होंने फायर टेक्नोलॉजी एंड सेफ्टी विभागाध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र नरवाल और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड हितांशु सलूजा के प्रयासों की सराहना की।

## हवन से शुरू हुआ जाखोदा उपचार केंद्र का वार्षिकोत्सव

**आरती शर्मा एंड पार्टी ने हरियाणवी सांस्कृतिक रागनियां प्रस्तुत की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गोधन सेवा समिति द्वारा जाखौदा में संचालित गो एवं वन्य जीव उपचार केंद्र में शुक्रवार को तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव की हवन के साथ शुरुआत हुई। हवन के पश्चात बहल आरती शर्मा एंड पार्टी द्वारा हरियाणवी सांस्कृतिक रागनियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम में बेसहारा गोवंश के सेवा कार्य में सहयोग करने वाले सभी गो सेवकों को समिति सदस्यों ने पटके पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



बहादुरगढ़। जाखौदा केंद्र में हुए हवन में आहुति डालते गोसेवक। फोटो: हरिभूमि

शुक्रवार को बेसहारा पीड़ित गोवंश की सेवा के लिए विधायक राजेश जून ने एक लाख, महादेव गोयल ने एक लाख एक हजार, कर्ण मदान ने 51 हजार, दयावती बादली ने 21 हजार, लक्ष्य मुंडका ने 21 हजार, दिनेश कौशिक, सुनील शर्मा, बसंत कौशिक, नरेश गुरुग्राम और अमित गुरुग्राम आदि ने 11-11 हजार रुपये सहित अन्य गो सेवकों ने सामर्थ्य अनुसार आर्थिक सहयोग किया।

हवन में यजमान के तौर पर दयावती बादली, सुनील शर्मा सेक्टर-6, ओमप्रकाश कौशिक, हरिराम कौशिक व सुरेंद्र कौशिक आदि उपस्थित रहे। पंडित अमित मिश्रा ने विधिवत तरीके से हवन संपन्न कराया। मिश्रा ने बताया कि पुराणों के अनुसार गाय में सभी देवताओं का वास माना गया है। गाय को किसी भी रूप में सताना घोर पाप माना गया है। उसकी हत्या करना तो नर्क के द्वार को खोलने के समान है, जहां कई जन्मों तक दुख भोगना होता है। अथर्ववेद के अनुसार गाय समृद्धि का मूल स्त्रोत है। गाय समृद्धि व प्रचुरता की द्योतक है। गोबर से ईंधन व खाद मिलती है। इसके मूत्र से दवाएं व उर्वरक बनते हैं।

## बंद कमरे में अंगीठी जलाने से लोगों की जान को खतरा

झज्जर। कड़ाके की ठंड में जब पारा सात डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, ऐसे में अलाव या हीटर के आगे हाथ तापना किसको अच्छा नहीं लगता। लेकिन लोग यह नहीं जानते कि रात भर गर्मी पाने की यह चाह उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। बंद कमरे में अंगीठी, हीटर या ब्लोअर जलाकर रखना जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि जिस कमरे में आग जलाई जा रही है उसमें हवा के आवागमन यानि वेंटिलेशन के लिए रास्ता भी है या नहीं। चिकित्सकों का कहना है कि बंद कमरे में जलते हीटर, ब्लोअर या अलाव के कारण ऑक्सीजन व नमी की कमी हो जाती है। जिस कारण कमरे में सोने वाले लोगों को सांस लेने में दिक्कत महसूस होती है। अंगीठी जलाने की अवस्था में कमरे में मोनोऑक्साइड गैस की मात्रा बढ़ जाती है जिससे सांस फूलने लगती है तथा दम घुटने का खतरा भी रहता है। ऐसे में रात को सोते समय व्यक्ति को सांस की दिक्कत या दम घुटने का आभास नहीं होता, जिस कारण उनकी जान चली जाती है।

■ **सावधान : कमरे में ऑक्सीजन कम होने की वजह से घुट सकता है दम**

**कोयला व हीटर जलाने पर क्या होता है**

विषय विशेषज्ञों के अनुसार अंगीठी में कोयले या लकड़ी जलाने से कई जहरीली गैसें निकलती हैं। जो व्यक्ति की सेहत के लिए सही नहीं रहती। अंगीठी के अलावा रूम हीटर और ब्लोअर भी बंद कमरे में जहरीली गैस बनाते हैं जिस कारण कमरे में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो जाती है तथा कार्बन मोनोऑक्साइड की मात्रा अधिक हो जाती है, जो सीधे दिमाग पर असर डालती है। यह गैस सांसों के जरिए फेफड़ों तक पहुंच कर आसानी से खून में मिल जाती है।

*म्यूजियम में आने वाले आगंतुकों का फूलों और स्मृति-चिह्नों के साथ किया स्वागत*

## मेट्रो म्यूजियम का उद्घाटन दिखेगी परिवहन की कहानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मेट्रो की यात्रा को समर्पित दिल्ली मेट्रो म्यूजियम का शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर शुभारंभ हो गया। उद्घाटन के पहले दिन म्यूजियम में आने वाले आगंतुकों का फूलों और स्मृति-चिह्नों के साथ स्वागत किया गया।

म्यूजियम में क्यूरेटेड डिस्प्ले और आकर्षक प्रदर्शनों के माध्यम से दिल्ली मेट्रो के विकास, तकनीकी नवाचारों तथा परिवहन व्यवस्था की कहानी को प्रस्तुत किया गया है। गाइडेड वॉकथ्रू के जरिए आगंतुकों को मेट्रो की यात्रा से रूबरू कराया गया है। वहीं इंटरेक्टिव गतिविधियों में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे उद्घाटन दिवस नवाचार, सीख और निरंतर गतिशील शहर की भावना का उत्सव बन गया। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार से रविवार तक म्यूजियम सुबह दस से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। वहीं सोमवार व सार्वजनिक अवकाश पर बंद रहेगा। प्रवेश के लिए मात्र दस रुपये की फीस निर्धारित की गई है।



बहादुरगढ़। आगंतुक का स्वागत करते अधिकारी व कर्मचारी।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कर्म भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है. जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभगी है।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 से.मी<br>10X 8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें**

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**श्रद्धांजलि सभा** | रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह व राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को किया नमन

# काकोरी पराक्रम के क्रांतिकारियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहीद यादगार कमेटी ने शुक्रवार को काकोरी पराक्रम के अमर शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह व राजेंद्र नाथ लाहिड़ी के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कमेटी सदस्यों ने स्वतंत्रता आंदोलन के गैर समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शहर के शहीद स्मारक स्थल पर हुई श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता अधिवक्ता उमेद सिंह दहिया ने की और संचालन राकेश वत्स ने किया। सभा के दौरान जयकरण मांडोठी, धनराज तहलान, धर्मप्रकाश दहिया, सतबीर सिंह दहिया, हरबीर राठी, रामकिशन, दिलबाग दलाल, बिजेंद्र सैनी, सुमेश कौशिक, सुरजीत दलाल, सतबीर बल्हारा, श्रीकिशन, मंगल सिंह, रतन सिंह यादव व रामबीर सिंह आदि ने अमर क्रांतिकारियों को भाव पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने काकोरी में दिल्ली से लंदन तक अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिलाने वाले पराक्रम को याद किया। ट्रेन में अंग्रेजों के सरकारी खजाने को लूटने में हिंदुस्तान रिपब्लिकन आर्मी के 10 क्रांतिकारी शामिल थे।

लगभग 40 से अधिक क्रांतिकारी गिरफ्तार किए गए। हालांकि चंद्रशेखर आजाद को अंग्रेज पुलिस कभी गिरफ्तार नहीं कर सकी। मुकदमों का दौर चला और 19 दिसंबर 1927 को पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को गोरखपुर की जेल में, अशफाक उल्ला खां को फैजाबाद की जेल में व ठाकुर रोशन सिंह को इलाहाबाद की जेल में फांसी दी गई। राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को तय तिथि से दो दिन पूर्व ही 17 दिसंबर 1927 को गोंडा की जेल में फांसी दी गई थी।



बहादुरगढ़। काकोरी पराक्रम के शहीदों को नमन करते कमेटी सदस्य। फोटो: हरिभूमि

### वर्तमान में मेहनतकश की तमाम आशाएं अब सिर्फ समाजवाद पर टिकी

सरदार भगत सिंह द्वारा हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के नाम में सोशलिस्ट शब्द जोड़ने के वर्तांत को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में मेहनतकश की तमाम आशाएं अब सिर्फ समाजवाद पर टिकी है। आजादी के 77 वर्ष बाद और काकोरी एक्शन के 100 वर्ष पूरे होने के बाद भी क्रांतिकारियों के सपनों का भारत नहीं बन पाया। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आम आदमी से दूर होते जा रहे हैं। अमीर और गरीब की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। देश के सामाजिक, सांस्कृतिक व साम्प्रदायिक सौहार्द में नफरत का जहर घोला जा रहा है। क्रांतिकारियों के जीवन संघर्ष को पाठ्यक्रम से हटाया जा रहा है।